कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

अपील संख्याः–40 / 2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री चन्दन सहारण c/o अनाया इलेक्ट्रोनिक्स बाबा रामदेव मन्दिर रोड़, रावतसर, तहसील रावतसर, जिला हनुमानगढ़।

––अपीलार्थी

बनाम

तहसीलदार (राजस्व), पीलीबंगा।

––प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः–29.08.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत तहसीलदार (राजस्व), पीलीबंगा के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्यर्थी से सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा सूचना विभाग से सम्बन्धित नहीं होना बताकर सूचना देने से मना कर देने के कारण अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना दिलवाने हेतु यह अपील की गई।

अपीलार्थी ने दिनांक 29.08.2019 को उपस्थित होकर लिखित बहस प्रस्तुत कर कहा कि तहसीलदार(राजस्व), पीलीबंगा द्वारा अभी तक वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवायी है।

पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार (राजस्व), पीलीबंगा से अपील में कोई जबाव प्राप्त नहीं हुआ है। अपीलार्थी के अपील के साथ संलग्न तहसीलदार (राजस्व), पीलीबंगा के पत्र क्रमांक 1748 दिनांक 09.07.2019 की प्रति का अवलोकन करने से पाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के सम्बन्ध में तहसीलदार (राजस्व), पीलीबंगा द्वारा अपीलार्थी को सूचित किया जाना पाया गया। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी का यह कथन मान्य नही है कि उसे सूचना नही दी गई है। अतः अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ